दैनिक जागरण inext

PAGE NO . 4 MIDDLE

एसआरएमएस में 'वारियर्स' का सम्मान

स्वतंत्रता सेनानी राम मूर्ति जी के 32वें श्रद्धांजलि समारोह में स्कालरशिप भी हुई वितरित

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 Oct): एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने कोविड मरीजों की सेवा करने वाले वाले डेढ़ सौ कोरोना वारियर्स को फ्राइडे को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया. इसी के साथ ही अब तक घोषित रिजल्ट से स्कालरशिप के लिए चयनित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया और उन्हें स्कालरशिप की राशि प्रदान की. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति भी मौजूद रहे.

कोरोना वारियर्स को सौंपा चेक.

स्कॉलरशिप भी दी

एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से स्वतंत्रता सेनानी राम मूर्ति जी की 32वीं पुण्यतिथि आज कोविड प्रोटोकाल के साथ मनाई गई. मेडिकल कालेज परिसर में ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री और स्वतंत्रता सेनानी राम मूर्ति जी की फोटो पर माल्यार्पण किया. ध्वजा रोहण के साथ राष्ट्रगान में संस्थान के सभी लोग शामिल हुए. श्रद्धांजलि समारोह एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग के श्री राम मूर्ति स्मारक शतिक प्रेक्षागृह में हुआ. ट्रस्ट की तरफ से 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की. देव मूर्ति जी ने ट्रस्ट द्वारा निशुल्क संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार परक योजनाओं का भी उल्लेख किया. कोरोना काल का जिक्र करते हुए उन्होंने कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज और लाकडाउन में आम लोगों को भोजन वितरण की बात कही. उन्होंने कहा कि लाकडाउन में ट्रस्ट की ओर से प्रतिदिन सात सौ से ज्यादा लोगों को खाने के पैकेट वितरित किए गए. कालेज से डेढ़ हजार से ज्यादा कोविड संक्रमित मरीज स्वस्थ होकर जा चुके हैं.इनमें से डेढ़ सौ से ज्यादा लोग खुद भी संक्रमित हो गए.